an>

Title: Need to restart air services in Delhi-Jaipur-Agra Golden Corriodor Sector.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर शहर): महोदय, जयपुर विश्व पर्यटन मानचित्र पर गुलाबी शहर (पिंक सिटी) के रूप में विख्यात है और दिल्ली-जयपुर-आगरा गोल्डन कोरीडोर के रूप में मशहूर है। जयपुर शहर पर्यटन की दृष्टि से देश की छोटी काशी के रूप में प्रसिद्ध है। भारत में आने वाला हर तीसरा विदेशी पर्यटक राजस्थान व जयपुर पिंक सिटी की यात्रा जरूर करता है। राजस्थान के जो प्रसिद्ध किले, दुर्ग, महल, हवेलियां, अभ्यारण्य और रेत का समुद्र है, ये सभी देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। प्रदेश की कला, संस्कृति, इतिहास और स्थापत्य कला, हस्तशिल्प की भी दुनिया में अलग ही पहचान है। जयपुर शहर वर्ल्ड क्लास एवं स्मार्ट सिटी की ओर अग्रसर हो रहा है। राजस्थान के आर्थिक विकास में पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्य का जयपुर-जोधपुर, जालौर-सांचोर, जैसलमेर-उदयपुर-अजमेर आदि अनेक ऐसे पर्यटन स्थल हैं, जिनमें देशी-विदेशी पर्यटकों की आवाजाही हमेशा बनी रहती है। दुर्भाग्य से पिछले कुछ वर्षों से जयपुर, जोधपुर, उदयपुर और आगरा के मध्य हवाई सेवाएं बंद होने से पर्यटकों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके अभाव में पयर्टन से जुड़े व्यवसाय जैसे होटल, श्रमिक और हैंडीक्राफ्ट में काफी कमी हो रही है। प्रदेश के राजस्व पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है।

मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन है कि इस गोल्डन कॉरिडोर में इंडियन एयरलाइंस एवं निजी एयरलाइंस की सेवाएं पुनः चालू की जाएं, जिससे व्यवसाय बढ़ेगा और प्रदेश को राजस्व प्राप्त होगा।

HON. DEPUTY SPEAKER:

Shri Devji M. Patel,

Shri Gajendra Singh Shekhawat and

Shri P. P. Chaudhary are permitted to associate with the issue raised by Shri Ramcharan Bohra.